प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– देश का मूड भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, 600 से अधिक जिलों में फैली भारत की स्टार्टअप क्रांति ।

2. लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्यभर में तैयारी शुरू, लगभग सभी जिले के उपायुक्तों ने आदर्श आचार संहिता को लेकर जारी किया दिशा–निर्देश।

3. राज्यभर के आठ सौ से अधिक परीक्षा केन्द्रों पर जेपीएससी पीटी परीक्षा शुरू, चतरा के एक केन्द्र पर पेपर लीक का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने किया हंगामा।

4. हटिया हावड़ा एक्सप्रेस सहित रांची रेल मंडल से चलनेवाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों का नामकोम, टाटीसिल्वे, सिल्ली सहित अन्य स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव शुरू।

5. राजधानी रांची में राज्यस्तरीय अंडर 15 और अंडर 20 महिला तथा पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता शुरू, बेहतर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का करेंगें प्रतिनिधित्व।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भले ही पूरी दुनिया अनिश्चितता के भंवर में फंसी हो, लेकिन भारत तेज़ गति से विकास करना जारी रखेगा। कल दिल्ली में इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा कि पूरा देश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देखना चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे ख़बरों में बने रहने में नहीं, बल्कि निर्धारित समय के भीतर काम पूरा करने में विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले, देश में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या कुछ सौ में ही थी, वहीं आज यह संख्या लगभग सवा लाख है। उन्होंने कहा कि भारत की स्टार्टअप क्रांति इतनी बड़ी है कि अब देश के 600 से अधिक जिलों में यानी देश के लगभग 90 प्रतिशत इलाक़ों में स्टार्ट–अप कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के ड्रोन पायलट बनने का समाज पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा।

*************************

लोकसभा चुनाव के घोषणा के साथ ही राज्यभर में तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी जिले के उपायुक्त आदर्श आचार संहिता को लेकर दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। कोडरमा लोकसभा सीट के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। कोडरमा लोकसभा में मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 21 लाख सतहतर हजार है। जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा है कि लोगों को मतदान केंद्र पहुंचने में किसी तरह की असुविधा न हो।

इधर जामताड़ा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने कल वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनाती की जा रही है।

उधर चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को वोट डाले जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार जिले में यूथ मैनेज्ड पोलिंग बूथ, वुमेन मैनेज्ड पोलिंग स्टेशन, ग्रीन बूथ स्टेशन और सोलर बूथ स्टेशन बनाए जायेंगे। इधर खूंटी के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने बताया कि 15 अप्रैल तक नए मतदाता प्रपत्र–6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में संलग्न करवा सकते हैं। उधर गिरिडीह के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र और गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर 20 मई को तथा गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25 मई को वोट डाले जायेंगे। इधर धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि धनबाद में 25 मई को वोट डाले जायेंगे। वहीं लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में गुमला जिले से तीन, लोहरदगा जिला से एक और रांची जिला से

एक विधानसभा क्षेत्र आता है। जिला प्रशासन के द्वारा लोहरदगा संसदीय सीट पर मतदान के लिए कुल एक हजार सात सौ अड़तालीस मतदान केंद्र बनाये गये हैं। हजारीबाग में 20 मई को मतदान होगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो चुकी है। जिले में 234 नक्सल प्रभावित बूथ चिन्हित किए गए हैं, जहां वेव कास्ट के जरिए वोटिंग कराई जाएगी। वहीं पूरे जिले में सुरक्षा को लेकर 15 चेक पोस्ट बनाए गये हैं। एक इंटर स्टेट पोस्ट है और 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गये है। गढ़वा के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि इस सीट पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। दोनों अधिकारियों ने लोगों से बढ़ चढ़ कर मतदान में शामिल होने की अपील की।

************************

गोड्डा के महागामा में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

************************

जेपीएससी सिविल सेवा पीटी आज राज्यभर के आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। वहीं सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किये गये हैं। इस परीक्षा में राज्यभर के साढे तीन लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इधर सरायकेला खरसावां जिले के 20 परीक्षा केन्द्रो पर आज सुबह जेपीएससी पीटी परीक्षा शांतिपूर्वक प्रारंभ हुई। परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था पर नजर रखने के लिए जिलास्तर पर तैयार टीम सक्रिय रही। उधर चतरा के उपेन्द्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज में जेपीएससी पीटी परीक्षा के दौरान लगभग एक दर्जन अभ्यर्थियों ने पेपर लीक होने की बात कहते हुए हंगामा किया। अनुमंडल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, डीएसपी रोहित रजवार, एसडीपीओ संदीप सुमन ने अभ्यर्थियों को शांत कराने का प्रयास किया।

************************

रांची रेल मंडल से चलनेवाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों का कुछ स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव होगा। इसके तहत आज से दुमका – रांची–दुमका एक्सप्रेस, रांची– भागलपुर –रांची, हटिया–इस्लामपुर–हटिया एक्सप्रेस का झालिदा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव होगा। वहीं हटिया – इस्लामपुर –हटिया, पूर्णिया कोर्ट – हटिया –पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का कोटशिला और पुनदाग स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव होगा। जबकि नामकोम स्टेशन पर सम्बलपुर – गोरखपुर–संबलपुर एक्सप्रेस और जम्मूतवी – सम्बलपुर–जम्मूतवी एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव होगा। वहीं हावड़ा–हटिया–हावड़ा ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव आज से नामकोम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, तिरुलडीह और गढ़जयपुर स्टेशनों पर होगा।

************************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम में कल राज्यस्तरीय अंडर 15 तथा अंडर 20 महिला और पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इसमें राज्य भर के साढ़े तीन सौ कुश्ती खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंडर 15 तथा अंडर 20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

************************

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और डेल्ही कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। मेग लेनिंग की कप्तानी में, देलही कैपिटल्स ने अब तक अपने आठ में से छह मैच जीते हैं। स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स ने अब तक अपने चार मैच जीते हैं।

************************

- चतरा जिला बार एसोसिएशन चुनाव के परिणामों की घोषणा कल शाम कर दी गई। अधिवक्ता रमेश जायसवाल अध्यक्ष चुने गए हैं जबकि सचिव पद पर मुरली मनोहर मिश्रा ने जीत दर्ज की है।
- झारखंड के विभिन्न स्थानों पर श्रीश्याम फाल्गुनी सतरंगी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत खूंटी में खाटू श्याम महाराज की फाल्गुनी शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए।

**********समाप्त**************